दिन–शनिवार दिनांक– 07/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार जदयू में शामिल होंगे। पटना में आयोजित पार्टी विधानमंडल दल की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक के बाद पार्टी प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि निशांत कुमार जल्द की जदयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में साठ रूपये की वृद्धि की है। वहीं, उन्नीस किलोग्राम वाला व्यावसायिक सिलेंडर एक सौ पन्द्रह रूपये महंगा हो गया है। बढ़ी हुई कीमतें आज से लागू हो गयी है। इधर, भारत पेट्रोलियम ने कहा है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और सप्लाई चेन सामान्य रूप से चल रही है। कंपनी ने उन दावों को खारिज किया है, जिसमें कहा जा रहा था कि कुछ स्थानों पर पेट्रोल और डीजल की किल्लत हो रही है। कंपनी ने कहा कि ऐसे दावे पूरी तरह से निराधार है।

————————————————————————

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया की उन खबरों का खंडन किया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बाईस हजार रुपये के निवेश पर दस लाख रुपये प्रति माह का रिटर्न देने वाली योजना का प्रचार कर रही हैं। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने इन दावों को फर्जी बताया है। पीआईबी ने कहा कि वित्त मंत्री या सरकार ने ऐसी किसी योजना का समर्थन नहीं किया है।

————————————————————————

नेपाल के आम चुनाव में, बालेन्द्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी– आरएसपी भारी जीत की तरफ बढ रही है। आरएसपी ने काठमांडू जिले की सभी दस सीटों सहित चौंतीस सीटों पर जीत हासिल की है और छियासी पर आगे है। चुनाव में, अन्य दलों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। नेपाली कांग्रेस ने छह, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी ने दो और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल– यूएमएल ने एक सीट जीती है। एक सीट निर्दलीय को मिली है। मतों की गिनती जारी है।

———————————————————————————————————

गया स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी से आज सेना को दो सौ इक्यासी नये अधिकारी मिले हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि पासिंग आउट परेड में अट्ठाईस महिलाओं समेत दो सौ इक्यासी ऑफिसर कैडेटों ने कमीशन प्राप्त किया। परेड की पूर्व संध्या पर एक शानदार मल्टी एक्टिविटी डिस्प्ले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पासआउट होने वाले ऑफिसर कैडेट्स ने अपने बेहतरीन युद्ध कौशल, अनुशासन और सैन्य दक्षता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ समेत सेना के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इधर, ओटीए गया में ड्रोन प्रशिक्षण भी शुरू कर दिया गया है। युद्ध क्षेत्र में घायल जवानों को त्वरित मेडिकल सहायता पहुंचाने के लिए आर्मी मेडिकल कोर ट्रेनिंग सेंटर, लखनऊ की टीम विशेष प्रशिक्षण दे रही है।

———————————————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम सीतामढ़ी के सुरसंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी कृष्णा राम के सीतामढ़ी, पटना और पूर्वी चंपारण जिले के पांच ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आय से अधिक संपत्ति के मामले में ये छापेमारी चल रही है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

———————————————————————————————————

पूरबा हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। तैंतीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ मोतिहारी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। इधर, विभाग ने कहा है कि नौ मार्च से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से ग्यारह मार्च तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश हो सकती है। इस दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की सम्भावना है।

———————————————————————————————————

जमालपुर रेल क्षेत्र से मुंगेर रेल सुरक्षा बल और सीआईडी की टीम ने बैग कटर गिरोह के पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।